दिनांक : २३.०३.२०२५
राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं: ०५

अहमदाबाद मेट्रो रेल प्रोजेक्ट फेज-2 जून तक होगा पूरा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. गुजरात विधानसभा में शहरी विकास और शहरी गृह निर्माण विभाग की वर्ष 2025-26 की बजट मांगों को पेश करते हुए मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि गुजरात सरकार ने वर्ष 2025 को शहरी विकास वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय किया है। इसी कारण, शहरी विकास विभाग का बजट पिछले वर्ष की तुलना में 40 फीसदी बढ़ाकर 30,325 करोड़ रुपए किया गया है। वहीं अहमदाबाद मेट्रो रेल प्रोजेक्ट फेज-2 का 78.33 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है, शेष कार्य इस वर्ष जून तक पूरा करने की योजना है। इसके अलावा सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का 57.20 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य अक्टूबर 2025 तक पूरा करने की योजना है।